(d) The property left by the late Nawab of Murshidabad vests in the official trustee by virtue of section (4) of Murshidabad Estate (Trust) Act, 1963.

**गत तीन वर्षों म दूरदर्शन में नियुक्त किए गए प्रोडक्शन एसिस्टेंट और प्रोड्यूसरों की संख्या**

519. **श्री नवाब सिंह चौहान :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में दूरदर्शन में कितने प्रोडक्शन एसिस्टेंट और प्रोड्यूसर नियुक्त किये गये ;

(ख) उनमें से कितने आकाशवाणी, दूरदर्शन और सूचना और प्रसारण मंत्रालय से संबंधित हैं ;

(ग) उनकी नियुक्तियां किन केन्द्रों के लिए की गईं थीं और कितने व्यक्तियों को तबादले पर दिल्ली बुलाया गया; और

(घ) उनका दिल्ली में तबादला करने का क्या कारण है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी) :** (क) प्रोडक्शन एसिस्टेंट—81

प्रोड्यूसर—73

(ख) इनमें से 8 प्रोडक्शन एसिस्टेंट और 5 प्रोड्यूसर आकाशवाणी, दूरदर्शन या सूचना और प्रसारण मंत्रालय में काम करने वाले व्यक्तियों के संबंधी थे।

(ग) सभी नियुक्तियां अमृतसर, दिल्ली कलकत्ता, कटक, बम्बई, हैदराबाद, लखनऊ, मद्रास और श्रीनगर के दूरदर्शन केन्द्रों के लिए की गई थीं। 5 प्रोडक्शन एसिस्टेंटों और 6 प्रोड्यूसरों को दिल्ली में स्थानान्तरित किया गया था। तथापि, उनमें से कोई भी उक्त (ख) में उल्लिखित व्यक्तियों में से नहीं है।

(घ) स्थानान्तरण या तो सेवा की आवश्यकताओं के हित में या वैयक्तिक प्रार्थनाओं को मंजूर करते हुए किए गये थे।

**भाखड़ा बांध से दिल्ली के लिए बिजली की सप्लाई**

520. **श्री दया राम शाक्य :** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में बिजली की कमी को ध्यान में रखते हुए दिल्ली प्रशासन ने भाखड़ा बांध से बिजली प्राप्त करने के लिए केन्द्रीय सरकार से अनुरोध किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार ने क्या निर्णय किया है ?

**ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन) :** (क) जी, हां।

(ख) काम चलाऊ व्यवस्था के अनुसार, दिल्ली विद्युत् प्रदाय संस्थान को सप्लाई पर निर्भर रहने वाले उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भाखड़ा व्यास प्रबन्ध बोर्ड दिन में दिल्ली विद्युत् प्रदाय संस्थान को बिजली सप्लाई करता है। दिल्ली विद्युत् प्रदाय संस्थान इस बिजली को रात में गैर व्यस्ततम समय के दौरान भाखड़ा व्यास प्रबन्ध बोर्ड को वापस देता है।

**कम्बाइन हार्वेस्ट संबंधी विशेषज्ञ समिति का प्रतिवेदन**

521. **श्री दया राम शाक्य :** क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या योजना आयोग ने कम्बाइन हार्वेस्ट संबंधी एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त की थीं ; और

(ख) यदि हां, तो समिति द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदन का विवरण क्या है ?

प्रधान मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) और (ख). राष्ट्रीय व्यावहारिक आर्थिक अनुसंधान परिषद् (एन सी ए ई आर) को कम्बाइन हार्वेस्टर्स के उपयोग से संबंधित एक रिपोर्ट की परीक्षा करने के लिए और श्रमिकों के विस्थापन सहित अन्य सभी संबंध पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पांचवीं योजना की अवधि में देश के कतिपय क्षेत्रों में इन हार्वेस्टरों की संभावित जरूरत पर विचार करने के लिए योजना आयोग ने एक समिति बनाई थी।

समिति की रिपोर्ट, जो आंतरिक कार्य संबंधी दस्तावेज है, अभी विचाराधीन है। इसी बीच समिति ने यह विचार व्यक्त किया है कि कृषि क्षेत्र में अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दृष्टि से कम्बाइन हार्वेस्टर्स का और आयात न किया जाए।

## दूरदर्शन की परिवहन यूनिटों के कार्यकरण की जांच

522. श्री नवाब सिंह चौहान : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री दूरदर्शन की परिवहन यूनिटो के कार्यकरण की जांच के बारे में 20 जुलाई, 1977 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4156 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दूरदर्शन के परिवहन विभाग के कार्यों की जो जांच चल रही है, उसमें इस बीच क्या प्रगति हुई है और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की जा रही है ; और

(ख) ऐसे अधिकारियों के नाम क्या है और दूरदर्शन में वे किस किस पद पर हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी) : (क) 20 जुलाई, 1977 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4156 के उत्तर में उल्लिखित जिन 9 अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाहियां शुरू की गई थीं, उनमें से एक अराजपत्रित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई पूरी हो चुकी है और उसको बड़ा दण्ड दिया जा चुका है। शेष 8 अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाहिया चल रही हैं।

(ख) उपरि उल्लिखित 9 अधिकारियों में एक केन्द्र निदेशक, एक सहायक केन्द्र निदेशक, दो कार्यक्रम एक्जीक्यूटिव, एक प्रोड्यूसर ग्रेड-2, 2 ट्रांसमिशन एक्जीक्यूटिव और दो क्लर्क ग्रेड—1 हैं।

## LAW AND ORDER IN DELHI

523. SHRI AHMED M. PATEL :
SHRI SUKHDEO PRASAD VERMA :
SHRI BRIJ RAJ SINGH :
SHRI SIVAJI PATNAIK :

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether Government are aware that law and order situation in the Union Territory of Delhi has further deteriorated during the period from August to October, 1977 ;

(b) if so, the number of bad elements arrested during the above period ; and

(c) the measure taken by the Government to normalise the law and order situation ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI DHANIK LAL MANDAL) : (a) While the number of crimes under certain heads has shown an increase, under certain other heads it has shown decrease.

(b) 8048.

(c) With a view to control the crimes and improve the law and order situation, the following steps have been taken by the Delhi Administration :—

(1) Patrolling has been intensified particularly in the crime-affected areas.

(2) General Gasht is being done in the districts with an element of surprise for criminals by changing its timings and dates.